आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 09.02.2025 समय : 0705

<><><><><><><><><>

1. पांचवां वित्त आयोग, अध्यक्ष अनिल कुमार झा के नेतृत्व में अपने पांच दिवसीय दौरे पर आज द्वीपसमूह पहुंचेगा।

2. शिक्षा विभाग की ओर से डीब्रेट में परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण के सजीव प्रसारण की व्यवस्था।

3. महाकुंभ में राष्ट्रीय ‘वयोश्री योजना के अंतर्गत बुजुर्गों और दिव्यांगों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराए हैं।

4. अटल पेंशन योजना के तहत द्वीपों में अब तक तेरह हजार पांच से अधिक व्यक्तियों का नामांकन।

<><><><><><><>

पांचवां वित्त आयोग, अध्यक्ष अनिल कुमार झा के नेतृत्व में अपने पांच दिवसीय दौरे पर आज द्वीपसमूह पहुंचेगा। दस फरवरी को आयोग स्वराज द्वीप पंचायती राज संस्थाओं के साथ बैठक करेंगे और विभागीय स्थलों का दौरा करेंगे। ग्यारह फरवरी को आयोग शहीद द्वीप में पंचायती राज संस्थाओं के साथ बैठक करेंगे। तेरह फरवरी को आयोग श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद अध्यक्ष, परिषद के सचिव, शहरी विकास सचिव और पार्षदों के साथ परिषद के सम्मेलन कक्ष में बैठक करेंगे। इसके बाद आयोग सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में मुख्य सचिव और द्वीप प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। अपनी यात्रा पूरी कर वित्त आयोग चौदह फरवरी को मुख्य भूमि प्रस्थान करेंगे।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण के सजीव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में कल सुबह साढ़े दस बजे से इसका प्रसारण किया जाएगा। इसे द्वीपसमूह के छात्र, अभिभावक और शिक्षक देख सकेंगे। प्रधानमंत्री का संवाद दूरदर्शन के माध्यम से डी डी नेशनल, डी डी न्यूज और डी डी इंडिया चैनलों पर भी देखा जा सकता है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित चिन्मय मिशन में बोर्ड परीक्षा देने वाले दसवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए आज विशेष श्री गणपति होमम का आयोजन किया जाएगा। होमम सुबह आठ बजे से आरंभ होगा। होमम के बाद प्रतिभागियों के लिए काउंसलिंग सत्र आयोजित किया जाएगा। अन्य कक्षाओं के छात्र भी

होमम में शामिल हो सकते हैं। सभी छात्रों और उनके अभिभावकों को कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका की ओर से कल हैडो और अनारकली के सामुदायिक हॉल में विशेष कर संग्रह अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों के लिए करों के भुगतान को आसान बनाना था। अभियान में, अधिकारियों और फील्ड स्टाफ को संबंधित सामुदायिक हॉल में सुचारू रूप से कर संग्रह के लिए तैनात किया गया। परिणामस्वरूप नगरपालिका करों में तीन लाख अड़सठ हजार आठ सौ पचपन रुपये का संग्रह हुआ। यह पहल नागरिक सुविधाओं में सुधार को सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम है। श्री विजयपुरम नगरपलिका परिषद पारदर्शी, सुलभ और कुशल सेवाएँ प्रदान करके अपने निवासियों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

<><><><><><><>

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से कल देवी अहिल्या बाई होलकर की तीन सौंवी जयंती मनाई गई। श्री विजयपुरम के जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के व्याख्यान गैलरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त आयोजन सचिव, गोविंद नायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में उन्होंने देवी अहिल्या बाई होलकर के असाधारण जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने उनकी ताकत, नेतृत्व और लोक कल्याण के लिए प्रतिबद्धता पर जोर दिया। श्री गोविन्द ने उनके उल्लेखनीय शासन, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के प्रति समर्पण और महिलाओं के लिए एक प्रेरणा के रूप में उनकी भूमिका के बारे में बताया। आर.वी.आर. मूर्ति ने इस दिन के महत्व और देवी अहिल्या बाई होलकर के भारतीय समाज में योगदान के बारे में अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में लगभग तीन सौ पचास छात्रों ने भाग लिया। समापन अवसर पर धन्यवाद ज्ञापन करते हुए परिषद के सचिव सत्यजीत हलदार ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कई लोगों को सम्मानित भी किया गया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय विकास एवं सुविधा कार्यालय शाखा ने अंडमान निकोबार प्रशासन के सहयोग से हाल ही में फरारगंज सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र में पीएम विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में योजना के अंतर्गत आने वाले अट्ठारह ट्रेडों

के लाभार्थियों, पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को शामिल किया गया। कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा योजना के विभिन्न ट्रेडों के सौ से अधिक लाभार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

सरकार ने प्रयागराज में जारी महाकुंभ में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत बारह हजार से अधिक बुजुर्गों और दिव्यांगों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराए हैं। महाकुंभ में, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने एक पैवेलियन स्थापित किया है, जहां सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण के प्रति केंद्र सरकार की पहलों को प्रदर्शित किया गया है।

<><><><><><><>

नेहरू युवा केंद्र रंगत की ओर से कल 'स्वस्थ राष्ट्र – समृद्ध राष्ट्र' विषय पर जिला स्तरीय खेल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत बकुलतला के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेल गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक फिटनेस और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर पंचायत समिति प्रमुख सीता माझी मुख्य अतिथि थीं, जबकि उर्मिलापुर ग्राम पंचायत प्रधान मिली रॉय और बकुलतला ग्राम पंचायत प्रधान नारायण मंडल सम्मानित अतिथि थे। जिला स्तरीय खेलों के अंतर्गत पुरूषों और महिलाओं के लिए वॉलीबॉल, रस्साकशी, रिले रेस और शॉट पुट जैसी स्पर्धाएँ आयोजित की गई।

<><><><><><><>

भारत सरकार की ओर से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए अटल पेंशन योजना में अट्ठारह से चालीस वर्ष तक के लोग आवेदन कर सकते हैं। नामांकन के लिए लाभार्थियों को आधार कार्ड और प्राथमिक केवाईसी दर्ज करानी होगी। पेंशन शुरू करने की आयु साठ वर्ष होगी। इसलिए इस योजना के तहत किसी भी ग्राहक द्वारा योगदान की न्यूनतम अवधि बीस वर्ष या उससे अधिक होगी। निश्चित न्यूनतम पेंशन की लाभ की गारंटी सरकार देगी। इस योजना के तहत द्वीपसमूह में अब तक तेरह हजार पांच सौ से अधिक व्यक्तियों का नामांकन हो चुका है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में होपटाउन ग्राम पंचायत में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। जिला उपायुक्त ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।

उधर मन्नारघाट ग्राम पंचायत के अंतर्गत मन्नारघाट–पांच में सीसी रोड और कल्वर्ट का उद्घाटन किया गया। दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त और ग्रामीण विकास सचिव अर्जुन शर्मा ने कल इसका उद्घाटन क्षेत्र की प्रधान साजिदा बानू, जिला परिषद सदस्य और पंचायत समिति सदस्य की उपस्थिति में किया। इस दौरान ज़िला उपायुक्त ने मालापुरम–दो में सी सी रोड और वन डेरा रोड सहित कई कार्यस्थलों का दौरा भी किया।

<><><><><><><>

प्रतिष्ठित छब्बीसवें उप राष्ट्रपति कप सॉकर चैंपियनशिप का कल कार निकोबार के बीजेआर स्टेडियम में उद्घाटन हुआ। सत्रह फरवरी तक चलने वाली इस टूर्नामेंट में द्वीपसमूह से कुल बारह टीमें भाग ले रही हैं। कार्यक्रम में कार निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। उद्घाटन मैच में, अण्डमान निकोबार कमांड ने श्री विजया पुरम टीम को एक गोल से शिकस्त दी।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलज मायाबंदर में शैक्षणिक सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए आवश्यकतानुसार यू.जी. पाठ्यक्रम के लिए तेलुगू और शारीरिक शिक्षा विषयों में अतिथि संकाय का एक पैनल तैयार करने का प्रस्ताव किया गया है। संसाधन व्यक्ति को प्रति व्याख्यान पन्द्रह सौ रूपये का मानदेय दिया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा पचास हजार रूपये तक होगी। पात्र उम्मीदवारों से दस्तावेजों के साथ एक संक्षिप्त व्यक्तिगत डेटा की हार्ड कॉपी कॉलेज के प्रधानाचार्य के कार्यालय में उन्नीस फरवरी तक जमा करने को कहा गया है। बायोडाटा कॉलेज की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><><>